# नए ऑक्सीजन प्लांट लगाने पर सरकार देगी प्रोत्साहन : योगी

## कमी दूर करने के लिए मुख्यमंत्री ने की बड़ी पहल

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में नए ऑक्सीजन प्लांट लगाने के लिए राज्य सरकार सभी आवश्यक प्रोत्साहन देगी। इसके लिए विधायक निधि और एसडीआरएफ का भी प्रयोग किया जा सकता है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा 10 नए प्लांट स्थापित करने की कार्यवाही की जा रही है।

मुख्यमंत्री बुधवार को कोविड से प्रभावित लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और कानपुर नगर की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के जो भी चिकित्सा संस्थान स्वयं का ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करना चाहते हैं, उन्हें हर जरूरी मदद मुहैया कराई जाएगी। केंद्र सरकार से आवंटित ऑक्सीजन लाने के लिए गाड़ियां बोकारो रवाना हो रही हैं। मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बनाते हुए ऑक्सीजन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने ऑक्सीजन रीफिलिंग केंद्रों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने व अति गंभीर परिस्थितियों को छोड़कर व्यक्तिगत रूप से ऑक्सीजन न देने की हिदायत दी। ब्यूरो



### नासिक की दुर्घटना से लें सबक, बरतें सावधानी

सीएम ने नासिक में ऑक्सीजन लीक होने की दुर्घटना का जिक्र करते हुए कहा कि स्थिति हृदयविदारक है। हमें इससे सबक लेना चाहिए। सभी स्थानों पर सुरक्षा और सावधानी बरती जाए।

अस्पताल में 36 घंटे का हो बैकअप : 2